"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 3] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 15 जनवरी 2016—पौष 25, शक 1937

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 31 दिसम्बर 2015

क्रमांक ई-1-14/2015/एक/2.—भारतीय प्रशासनिक सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों को भा.प्र.से. (वेतन) नियम, 2007 के नियम 3 (1) (iii) के परन्तुक के अंतर्गत दिनांक 01-01-2016 से सेवा के प्रवर श्रेणी वेतनमान (पे बैंड-4, रु. 37400-67000 और ग्रेड पे रु. 8700/-) में पदोन्नत किया जाकर नवीन पदस्थापना स्थान पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया जाता है :—

क्र.	अधिकारी का नाम	वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	श्री एस. एल. रात्रे, भा.प्र.से. (2000)	सचिव, राजस्व मंडल, छत्तीसगढ़	सचिव, राजस्व मंडल, छत्तीसगढ़

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2016.

(1)	(2)	(3)	(4)
2.	श्री अविनाश चंपावत, भा.प्र.से., (2003)	संचालक, उद्यानिकी विभाग, पदेन संयुक्त सचिव, कृषि विभाग, आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं तथा प्रबंध संचालक, छ.ग. मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन.	संचालक, उद्यानिकी विभाग, पदेन संयुक्त सचिव, कृषि विभाग, आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं तथा प्रबंध संचालक, छ.ग. मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन.
3.	सुश्री ऋतु सैन, भा.प्र.से., (2003)	कलेक्टर, सरगुजा	कलेक्टर, सरगुजा
4.	श्री परदेशी सिद्धार्थ कोमल, भा.प्र.से., (2003)	आयुक्त, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल तथा आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश.	आयुक्त, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल तथा आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश.
5.	सुश्री रीना बाबा साहेब कंगाले, भाप्रसे., (2003)	संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म तथा प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य खनिज विकास निगम (सीजीएमडीसी)	संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म तथा प्रबंध संचालक, छ. ग. राज्य खनिज विकास निगम (सीजीएमडीसी)

2. सरल क्रमांक 1, 2, 4 एवं 5 पर दर्शित अधिकारियों द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2007 के नियम 9 के तहत उनके नाम के सम्मुख दर्शाए नवीन पदस्थापना के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में, भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रवर श्रेणी वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

नया रायपुर, दिनांक 31 दिसम्बर 2015

क्रमांक ई-1-17/2015/एक/2.—भारतीय प्रशासनिक सेवा के निम्नांकित अधिकारी को भा.प्र.से. (वेतन) नियम, 2007 के नियम 3 (1) (2) के परन्तुक के अंतर्गत आवंटन वर्ष से 09 वर्ष की सेवा पूर्ण किये जाने के फलस्वरूप उनके नाम के सम्मुख दर्शित कॉलम में अंकित तिथि से सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान (पे बैंड-3, रु. 15600-39100 और ग्रेड पे रु. 7600/-) में अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त, स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया जाता है :—

स. क्र.	अधिकारी का नाम एवं आवंटन वर्ष	कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान की देय तिथि	पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	सुश्री जिनेविवा किंडो (2004)	01-01-2016	उप सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग (संचालक, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार)	संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग (संचालक, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार)
2.	श्री टोपेश्वर वर्मा (2006)	01-01-2016	उप सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग.	संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग.
3.	श्री नीलम नामदेव एक्का (2006)	01-01-2016	अपर कलेक्टर, सरगुजा	अपर कलेक्टर, सरगुजा
4.	सुश्री शम्मी आबिदी (2007)	01-01-2016	कलेक्टर, जिला कांकेर	कलेक्टर, जिला कांकेर
5.	श्री के. सी. देवसेनापति (2007)	01-01-2016	कलेक्टर, जिला दंतेवाड़ा	कलेक्टर, जिला दंतेवाड़ा

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
6.	श्री बसवराजू एस. (2007)	01-01-2016	कलेक्टर, जिला बलौदा बाजार-भाटापारा.	कलेक्टर, जिला बलौदा बाजार-भाटापारा.
7.	श्री हिमशिखर गुप्ता (2007)	01-01-2016	कलेक्टर, जशपुर	कलेक्टर, जशपुर
8.	श्री मोहम्मद कैसद अब्दुल हक (2007)	01-01-2016	मिशन संचालक, सर्व शिक्षा अभियान एवं प्रबंध संचालक, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन.	मिशन संचालक, सर्व शिक्षा अभियान एवं प्रबंध संचालक, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन.
9.	श्री यशवंत कुमार (2007)	01-01-2016	कलेक्टर, जिला बीजापुर	कलेक्टर, जिला बीजापुर
10.	श्री जनक प्रसाद पाठक (2007)	01-01-2016	पंजीयक, सहकारी संस्थाएं	पंजीयक, सहकारी संस्थाएं

2. उपरोक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड-Non Functional Grade) इस शर्त के अधीन स्वीकृत किया जाता है कि वे भविष्य में मिड कैरियर ट्रेनिंग फेज-III कार्यक्रम में अनिवार्यत: भाग लेंगे.

नया रायपुर, दिनांक 31 दिसम्बर 2015

क्रमांक ई-1-18/2015/एक/2.—भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2012 आवंटन वर्ष के निम्नलिखित अधिकारियों को आवंटन वर्ष से 04 वर्ष की सेवा, दिनांक 01-01-2016 को पूर्ण कर लेने के फलस्वरूप, भा.प्र.से. (वेतन) नियम, 2007 के नियम 3(1) (1) के परन्तुक के अंतर्गत, उक्त तिथि अर्थात् 01-01-2016 से सेवा के वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान (पे बैंड-3, रु. 15600-39100 और ग्रेड पे रु. 6600/-) में पदोन्नत किया जाकर निम्नानुसार अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया जाता है :—

क्र.	अधिकारी का नाम	पदस्थापना
1.	श्री रितेश कुमार अग्रवाल	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, गरियाबंद
2.	श्री रजत बंसल	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, सूरजपुर
3.	श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, महासमुंद

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विवेक ढाँड, मुख्य सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 23 दिसम्बर 2015

क्रमांक एफ 1-1/2014/1/5.—भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक 20-25-56-पब-एक, दिनांक 8 जून, 1957 के साथ पढ़ी गई परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इस्ट्रूमेंट्स एक्ट), 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन, उक्त स्पष्टीकरण के अंतर्गत दिनांक 24 दिसंबर 2015 दिन गुरुवार को "ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी)" के अवसर पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश घोषित करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. डी. सिंह, सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 2 जनवरी 2016

क्रमांक ई 7-06/2015/एक-2.—श्री कुंदन कुमार, भा.प्र.से., सहायक कलेक्टर, राजनांदगांव को दिनांक 25-06-2015 से 27-06-2015 तक (03 दिवस) का अर्जित अवकाश (कार्योत्तर) स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 28-06-2015 के राजपत्रित अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

2. अवकाश काल में श्री कुमार को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

3. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री कुमार अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मुकुन्द गजभिये, अवर सचिव.

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 9 दिसम्बर 2015

क्रमांक एफ 2-41/2012/नौ/55-तीन.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ लोक स्वास्थ्य (भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी) तृतीय श्रेणी लिपिक वर्गीय तथा अलिपिक वर्गीय सेवा भर्ती नियम, 1987 में निम्नलिखित और संशोधन करते हैं, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त नियमों की अनुसूची-तीन में;—

1. "मैदानी संगठन की स्थापना" के प्रवर्ग तीन : (संभाग/राज्य स्तरीय) के अधीन सरल क्रमांक 8, 9, 10 एवं 19 के कॉलम (5) के प्रविष्टि क्रमांक 2 में के पश्चात्, क्रमशः निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात् :—

"3. छत्तीसगढ़ सह चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 2001 के अधीन पंजीकृत हो".

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आलोक अवस्थी, संयुक्त सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 9 दिसम्बर 2015

क्रमांक एफ 2-41/2012/नौ/55-तीन.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 09-12-2015 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आलोक अवस्थी, संयुक्त सचिव.

Naya Raipur, the 9th December 2015

No. F 2-41/2012/9/55-3.—In exercise of the powers, conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Chhattisgarh hereby, makes the following further amendments in the Chhattisgarh

Public Health (Indian Systems of Medicine and Homoeopathy) Class-III Ministerial and Non-Ministerial Services Recruitment Rules, 1987, namely :—

AMENDMENTS

In Schedule III of the said rules ;—

1. After entry number 2 of column (5) of Serial Number 8, 9, 10 and 19, under Category—III : (Divisional/State Level) of "Establishment of Field Organization", the following shall be added respectively, namely :—

"3. Registered under Chhattisgarh Sah Chikitsa Parishad Adhiniyam, 2001."

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
ALOK AWASTHI, Joint Secretary.

महिला एवं बाल विकास विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 26 दिसम्बर 2015

क्रमांक एफ 11-3/2013/मबावि/50.—राज्य शासन एतद्द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2000 यथा संशोधित अधिनियम 2006 की धारा 4 की उपधारा (1) एवं (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कॉलम 04 में दर्शित प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को अध्यक्ष के रूप में अधिसूचित करते हुए तथा राज्य स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा अनुसार चयनित सदस्य/सदस्यों को सम्मिलित करते हुए कॉलम 03 में दर्शाये अनुसार क्षेत्र हेतु किशोर न्याय बोर्ड का निम्नानुसार पुनर्गठन करता है :—

क्र.	किशोर न्याय बोर्ड	क्षेत्र/सम्मिलित जिले	किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष (प्रधान न्यायाधीश) का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	सुकमा	सुकमा	श्री प्रभाकर ग्वाल, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सह सी.जे.एम., सुकमा.

No. F 11-3/2013/MBV/50.—In exercise of the powers conferred by the sub section (1) and (2) of the section 4 of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act 2000 as amended 2006, the State Government hereby reconstitutes the Juvenile Justice Boards by notifying Chief Judicial Magistrate, Mentioned in the column 4 as chairperson and Social worker/workers duly selected by the State Level selection committee as members for the area mentioned in the column No. 3.

S. No.	Name of the Juvenile Justice Board	Area/Revenue Dist.	Name of the Chairman (Principal Magistrate) of the Juvenile Justice Board
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	Sukma	Sukma	Shri Prabhakar Gwal, Civil Judge Class-I cum-CJM, Sukma.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
दिनेश श्रीवास्तव, सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 30 नवम्बर 2015

क्रमांक एफ 20-9/2013/ग्यारह/(छै).—राज्य शासन, "कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012" में प्रावधानित मूल्य संवर्धित कर एवं केन्द्रीय विक्रय कर में रियायत प्रतिपूर्ति को क्रियान्वित करने हेतु दिनांक 1 नवंबर 2012 से "छत्तीसगढ़ राज्य कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता नियम 2012" निम्नानुसार लागू करता है :—

1. **परिचय—** राज्य में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के योजनाबद्ध एवं तीव्र गति से विकास तथा कृषि एवं खाद्य उत्पादों का राज्य में ही मूल्य संवर्धन करने के उद्देश्य की पूर्ति हेतु "कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012" दिनांक 01 नवम्बर 2012 से लागू की गई है. इस नीति के बिन्दु 9.4 अनुदान छूट एवं रियायतें के अंतर्गत "मूल्य संवर्धित कर एवं केन्द्रीय विक्रय कर में रियायत प्रतिपूर्ति हेतु पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता" की एक योजना है. इस योजना के क्रियान्वयन हेतु निम्नानुसार नियम 1 नवम्बर 2012 से प्रभावशील होंगे.

2. **नियम—** ये नियम "छत्तीसगढ़ राज्य कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता नियम 2012" कहे जावेंगे.

3. **परिभाषाएं—** इन नियमों के अंतर्गत परिभाषाएं उपाबंध (Annexure)-दो अनुसार लागू होंगी.

4. **पात्रता—**

4.1 इस अधिसूचना के तहत् उद्यमी को यह विकल्प होगा कि वह "पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता" अथवा तत्समय प्रचलित औद्योगिक नीति की "स्थायी पूंजी निवेश अनुदान" योजना में से किसी एक योजना का लाभ ले सकता है. एक बार लिया गया विकल्प अपरिवर्तनीय होगा.

4.2 यदि उद्यमी स्थायी पूंजी निवेश अनुदान का विकल्प लेते हैं, तब औद्योगिक नीति 2009-14 की कार्यावधि में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाले उद्योगों के लिए पात्रता शर्तें एवं अन्य प्रावधान औद्योगिक नीति 2009-14 के अन्तर्गत विभागीय अधिसूचना क्रमांक एफ 20-110/2009/ग्यारह/(छै:) दिनांक 24 मार्च 2012 द्वारा अधिसूचित "छत्तीसगढ़ राज्य स्थायी पूंजी निवेश अनुदान नियम 2009" अनुसार होगी तथा औद्योगिक नीति 2014-19 की कार्यावधि में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाले उद्योगों के लिए पात्रता शर्तें एवं अन्य प्रावधान वही होंगे जो ओद्योगिक नीति 2014-19 के संदर्भ में अधिसूचित किए जाएंगे.

4.3 वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण पत्र संबंधित औद्योगिक इकाई धारित करता हो जिसमें उत्पाद कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की श्रेणी से संबंधित हो.

4.4 उद्योग विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वाणिज्यिक उत्पादन प्रमाण पत्र संबंधित औद्योगिक इकाई धारित करता हो, जिसमें उत्पाद कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से संबंधित हो.

4.5 नवीन औद्योगिक इकाईयों को मूल वार्षिक उत्पादन क्षमता तक एवं विद्यमान औद्योगिक इकाईयों में विस्तार करने वाली इकाईयों को विस्तार के पूर्व स्थापित क्षमता के 125 प्रतिशत अथवा इससे अधिक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता होने पर ही पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता अनुदान की पात्रता होगी. विद्यमान उद्योगों के विस्तार पर अतिरिक्त पूंजी पर ही पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता अनुदान की पात्रता होगी.

4.6 इस अधिसूचना के अन्तर्गत उपाबंध-एक, अपात्र उद्योगों की सूची में शामिल उद्योगों को पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता अनुदान की पात्रता नहीं होगी.

4.7 पात्र औद्योगिक इकाई को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता की पात्रता अवधि 10 वर्षों तक अकुशल श्रमिकों में न्यूनतम 90 प्रतिशत, कुशल श्रमिकों में न्यूनतम 50 प्रतिशत तथा प्रशासकीय पदों पर न्यूनतम 33 प्रतिशत रोजगार राज्य के मूल निवासियों को प्रदान करने की स्थिति निरंतर बनी रही हो.

4.8 उद्योग ने प्लांट एवं मशीनरी में न्यूनतम रु. 100 लाख का निवेश किया हो.

4.9 उपरोक्त 4.8 अनुसार प्लांट एवं मशीनरी में राज्य शासन के साथ निष्पादित एम.ओ.यू./ई.एम. पार्ट-1 जारी होने की तिथि से जो पश्चात्वर्ती हो, दो वर्षो के भीतर किया हो.

4.10 रुपये 100 करोड़ से अधिक सकल निवेश होने पर राज्य शासन के साथ एम.ओ.यू. करना अनिवार्य है.

4.11 परियोजना की स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ राज्य की आदर्श पुनर्वास नीति एवं उसमें समय-समय पर हुये संशोधनों का पालन, यदि लागू हो, करना होगा.

4.12 भारत सरकार/राज्य शासन या किसी अन्य राज्य शासन के निगमों/मंडलों/संस्थाओं/बोर्ड द्वारा स्थापित औद्योगिक इकाईयों को अनुदान की पात्रता नहीं होगी.

4.13 पात्र औद्योगिक इकाईयों को इस अधिसूचना के जारी होने के दिनांक अथवा वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने की दिनांक, जो पश्चात्वर्ती हो, से एक वर्ष के भीतर अनिवार्यत: आवेदन करना होगा.

4.14 स्ववित्त पोषित उद्योगों को भी पूंजीगत निवेश सहायता अनुदान की पात्रता होगी.

4.15 यदि भारत सरकार/राज्य शासन के अन्य विभाग/निगम/बोर्ड/मंडल/आयोग/वित्तीय संस्था/बैंक से स्थायी पूंजी निवेश अनुदान अथवा पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता के अनुरूप अनुदान प्राप्त किया गया हो तो इस अधिसूचना के अन्तर्गत पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता अनुदान की पात्रता नहीं होगी.

4.16 इस योजना के अन्तर्गत कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012 का विकल्प लेने पर 1 नवम्बर 2012 से 31 अक्टूबर 2019 तक की अवधि में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने पर ही पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता की पात्रता होगी.

5. **पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता की मात्रा—** पात्र उद्योगों को पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता निम्नानुसार दी जायेगी :—

क्र.	उद्योग का वर्ग	मूल्य संवर्धित कर प्रतिपूर्ति पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता	अधिकतम कालावधि जिसके भीतर पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता प्राप्त की जानी है
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की श्रेणी का वह नवीन लघु उद्योग अथवा मध्यम उद्योग अथवा वृहद उद्योग अथवा मेगा प्रोजेक्ट एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट औद्योगिक इकाई जिसमें 1 नवम्बर 2012 से 31 अक्टूबर 2019 तक की अवधि में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ हुआ हो.	निवेशित मान्य स्थायी पूंजी निवेश का 150 प्रतिशत	10 वर्ष
2.	कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की श्रेणी का वह विद्यमान लघु उद्योग अथवा मध्यम उद्योग अथवा वृहद उद्योग अथवा मेगा प्रोजेक्ट एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट औद्योगिक इकाई जिसकी विस्तारित क्षमता में 1 नवम्बर 2012 से 31 अक्टूबर 2019 तक की अवधि में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ हुआ हो.	विस्तारित क्षमता हेतु निवेशित मान्य स्थायी पूंजी निवेश का 150 प्रतिशत	10 वर्ष

टीप :— पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता की मात्रा की गणना कंडिका 7 अनुसार की जायेगी.

6. **प्रक्रिया—**

6.1 ऐसा कोई उद्यमी, जिसने कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की श्रेणी में कोई नवीन औद्योगिक इकाई स्थापित की है अथवा विद्यमान औद्योगिक इकाई में विस्तार किया है और इस अधिसूचना के अधीन "पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता" प्राप्त करना चाहता है तो संलग्न उपाबंध-तीन में अंकित प्रारूप अनुसार आवेदन पत्र उपाबंध-चार में उल्लेखित सत्यापित अभिलेखों के

साथ संबंधित जिले के मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में प्रस्तुत करेगा. प्रथम क्लेम आवेदन नवीन उद्योग अथवा विद्यमान उद्योग के विस्तार में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने के दिनांक अथवा अधिसूचना जारी होने के दिनांक, जो पश्चात्वर्ती हो, से 1 वर्ष के भीतर करना होगा. पश्चात्वर्ती क्लेम वित्तीय वर्ष समाप्त होने के उपरांत आगामी छ: माह की निर्धारित अवधि के भीतर करने होंगे. जिला स्तरीय समिति निर्धारित अवधि में प्राप्त न होने वाले प्रकरणों को निरस्त करेगी.

6.2 आवेदन प्राप्त होने पर मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा पूर्ण आवेदन प्राप्ति की अभिस्वीकृति उपाबंध पांच अनुसार प्रदान की जायेगी एवं अपूर्ण आवेदन मूलत: वापिस किये जायेंगे.

6.3 आवेदन में दी गयी प्रविष्टियों की जांच तथा सत्यापन करने के पश्चात् जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारी लघु उद्योगों के नवीन अथवा विस्तार प्रकरणों में उपाबंध छ: अनुसार प्रतिवेदन मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को प्रस्तुत करेंगे. मध्यम, वृहद, मेगा प्रोजेक्ट एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स के नवीन अथवा विस्तार प्रकरणों में उपाबंध छ: अनुसार प्रतिवेदन मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उद्योग आयुक्त/संचालक उद्योग को प्रेषित करेंगे.

6.4 इस अधिसूचना के अधीन पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता प्राप्ति के लिये औद्योगिक इकाईयों द्वारा उपरोक्तानुसार प्रस्तुत आवेदनों पर विचार निम्नांकित दो समितियां द्वारा किया जाएगा :—

अ- **जिला स्तरीय समिति**

1.	कलेक्टर	अध्यक्ष
2.	अपर संचालक/संयुक्त संचालक, उद्योग संचालनालय	सदस्य
3.	उपायुक्त वाणिज्यिक कर अथवा उनके नामांकित अधिकारी जो वाणिज्यिक कर अधिकारी से कम न हो.	सदस्य
4.	लीड बैंक अधिकारी	सदस्य
5.	मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र	सदस्य सचिव

ब- **राज्य स्तरीय समिति**

1.	आयुक्त/संचालक उद्योग	अध्यक्ष
2.	प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ स्टेट इण्ड. डेव्ह. कार्पो लि. या उनके नामांकित प्रतिनिधि जो कार्यपालक संचालक/संयुक्त संचालक स्तर से कम न हो.	सदस्य
3.	अपर आयुक्त वाणिज्यिक कर	सदस्य
4.	अपर संचालक/संयुक्त संचालक उद्योग	सदस्य सचिव

6.5 जिला स्तरीय समिति एवं राज्य स्तरीय समिति के लिये गणपूर्ति 3 से होगी.

6.6 जिला स्तरीय समिति लघु उद्योगों तथा राज्य स्तरीय समिति मध्यम, वृहद, मेगा प्रोजेक्ट एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स की पात्रता का निर्णय करेगी.

6.7 आवेदन प्राप्त होने पर मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आवेदन में दी गयी प्रविष्टियों का सत्यापन करेगा और यथास्थिति, जिला स्तरीय समिति या राज्य स्तरीय समिति को एक रिपोर्ट आवेदन प्राप्त होने की दिनांक से 30 दिवस के भीतर प्रस्तुत करेगा. जिला स्तरीय समिति निर्धारित अवधि में प्राप्त न होने वाले प्रकरणों को निरस्त करेगी.

6.8 पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता स्वीकृत करने के लिये लघु औद्योगिक इकाईयों द्वारा दिये गये आवेदनों पर जिला स्तरीय समिति द्वारा विचार किया जायेगा और ऐसे मामलों में उन्हें स्वीकृति प्रमाण पत्र मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा उपाबंध 7 अनुसार जारी किया जायेगा.

मध्यम, वृहद, मेगा प्रोजेक्ट एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स के आवेदनों पर राज्य स्तरीय समिति द्वारा विचार किया जायेगा और ऐसे मामलों में पूंजीगत निवेश सहायता स्वीकृति पत्र उद्योग आयुक्त/संचालक उद्योग, छत्तीसगढ़ द्वारा उपाबंध 7 अनुसार जारी किया जायेगा.

6.9 स्वीकृति पत्र जारी करने के पूर्व उद्योगों को स्वयं के व्यय पर निर्धारित प्रारूप में अनुबंध संबंधित जिले के मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के साथ निष्पादित कर पंजीकृत कराना होगा.

6.10 समिति सामान्यत: 3 माह में एक बैठक करेगी, किन्तु लंबित आवेदनों को निराकृत करने के लिये इससे अधिक बैठक बुलाई जा सकेगी. समिति प्रत्येक मामले पर विचार करने के पश्चात् स्वीकृति पत्र जारी करने या उसके लिये किया गया आवेदन निरस्त करने या अतिरिक्त जानकारी मंगवाने का विनिश्चय कर सकेगी.

6.11 **राज्य स्तरीय समिति के अधिकार—**

6.11.1 राज्य स्तरीय समिति को मध्यम, वृहद, मेगा एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट के प्रकरणों में निर्णय लेने का अधिकार होगा.

6.11.2 राज्य स्तरीय समिति को स्वप्रेरणा से अथवा संदर्भित किये जाने पर अपने स्वयं के विनिश्चय में परिवर्तन करने की शक्तियां प्राप्त होंगी.

6.11.3 राज्य स्तरीय समिति को स्व प्रेरणा से या संदर्भित किये जाने पर जिला स्तर पर समिति के विनिश्चय का पुनर्विलोकन करने की शक्तियां एवं तद्नुसार जिला स्तरीय समिति को निर्देश देने की पूर्ण शक्तियां होगी.

6.11.4 राज्य स्तरीय समिति द्वारा इस अधिसूचना के अधीन जारी किये गये निर्देश जिला स्तरीय समिति के लिये बंधनकारी होंगे.

6.11.5 राज्य स्तरीय समिति को आवेदन देने में हुए विलंब को गुण-दोष के आधार पर शिथिल करने के अधिकार होंगे.

6.11.6 यदि उद्योग में निर्धारित अवधि में प्लांट एवं मशीनरी में न्यूनतम स्थायी पूंजी निवेश नहीं किया है तो समिति को यह अधिकार होगा कि उद्यमी द्वारा निर्धारित अवधि में उद्योग स्थापना हेतु उठाये गये प्रभावी कदमों के गुण-दोष के आधार पर समीक्षा कर पात्रता पर निर्णय करें तथा उद्योग स्थापित करने में लगी अतिरिक्त समयावधि को शिथिल करें.

6.11.7 नियंत्रण से परे कारणों के कारण उद्योग बन्द हो जाने संबंधी बिन्दु पर राज्य स्तरीय समिति द्वारा निर्णय लिया जायेगा.

6.11.8 जहां आवेदन निर्धारित समय सीमा के पश्चात् किया गया हो, तथा ऐसे आवेदन पर विचार करने तथा पात्रता प्रमाण पत्र स्वीकृत किये जाने के संबंध में निश्चित करने के लिये राज्य स्तरीय समिति को यह समाधान हो जाता है कि ऐसा आवेदन पर्याप्त कारणों से समय पर नहीं किया जा सका था तो वह अभिलिखित किये जाने वाले कारणों से ऐसे विलंब को माफ कर सकेगी और आवेदन के गुण-दोष के आधार पर विचार कर उसका निपटारा कर सकेगी.

6.11.9 राज्य स्तरीय समिति उपरोक्त अधिकारों का प्रयोग संबंधित औद्योगिक इकाई को सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुये करेगी.

6.12. राज्य के मूल निवासियों को प्रदाय किये गये रोजगार के सत्यापन की प्रक्रिया उद्योग संचालनालय के परिपत्र क्र. 164/औनीप्र./उसंचा-रा/2005/9766-81 दिनांक 13 जून 2006 के अनुसार की जायेगी.

7. **''पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता'' की स्वीकृति एवं वितरण प्रक्रिया—**

7.1 इस अधिसूचना के अन्तर्गत स्थायी पूंजी निवेश की गणना उपाबंध दो में परिभाषित ''स्थायी पूंजी निवेश'' के अनुसार की जायेगी.

7.2 इस अधिसूचना के अन्तर्गत स्थायी पूंजी निवेश करने की निर्धारित समयावधि की गणना एम.ओ.यू. के निष्पादन दिनांक/आई.ई.एम./ई.एम. पार्ट-1 जारी दिनांक जो पश्चात्वर्ती हो, से प्रारंभ की जायेगी.

7.3 मान्य स्थायी पूंजी निवेश पर 150 प्रतिशत की दर से अनुदान की राशि को पात्रता अवधि 10 वर्षों में विभाजित कर प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिये पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता की राशि निम्नानुसार आंकलित की जायेगी—

क्र.	वित्तीय वर्ष	भुगतान की गई मूल्य संवर्धित कर की वार्षिक शुद्ध राशि (शुद्ध प्रांतीय वाणिज्यिक कर एवं केन्द्रीय विक्रय कर की राशि, आगत कर की राशि के समायोजन उपरांत)	विभाजन अनुसार पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता की वार्षिक राशि	पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता राशि (कॉलम 3 व 4 में जो कम हो)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

7.4 इकाई द्वारा वाणिज्यिक कर विभाग में आवेदन देने पर आयुक्त/उपायुक्त वाणिज्यिक कर, वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा प्रतिवर्ष व्यवसायी द्वारा निर्मित सामग्री के विक्रय उपरांत भुगतान किये गये मूल्य संवर्धित कर के संबंध में एक प्रमाण पत्र उपाबंध-8 अनुसार जारी किया जायेगा.

7.5 भुगतान किये गये मूल्य संवर्धित कर में वह कर राशि कम की जायेगी जो मूल्य संवर्धित कर अधिनियम के अधीन समायोजन योग्य है या जो वापसी योग्य है अर्थात् वाणिज्यिक कर विभाग को शुद्ध रूप से भुगतान किये गये मूल्य संवर्धित कर राशि को ही मान्य किया जायेगा. इसमें से आगत कर की राशि भी कम की जायेगी.

7.6 वार्षिक आधार पर आगणित पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता एवं भुगतान किये गये वार्षिक मूल्य संवर्धित कर में से जो भी कम हो वह उस वर्ष पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता के रूप में देय होगा.

7.7 यदि वित्तीय वर्ष में वेट कर की राशि का भुगतान नहीं किया गया हो, उस वित्तीय वर्ष में पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता नहीं दी जायेगी.

7.8 प्रथम वर्ष के उपरांत आगामी वर्षों में आवेदक इकाई को वाणिज्यिक कर विभाग को भुगतान की गई राशि का प्रमाण पत्र उपाबंध 8 अनुसार, कर निर्धारण आदेश व भुगतान किये गये चालान की प्रति के साथ आवेदन करना होगा.

7.9 पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता ऐसे किसी उत्पाद पर उपलब्ध नहीं होगी जो कि इकाई के द्वारा स्वयं उत्पादित नहीं है.

7.10 उद्योग संचालनालय द्वारा पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता का बजट उपलब्धता एवं मांग के आधार पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों को आवंटित किया जायेगा.

7.11 जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों द्वारा सहायता स्वीकृति के क्रम में सहायता राशि के वितरण की कार्यवाही की जायेगी.

7.12 सहायता राशि के विलंब से भुगतान पर अथवा विलंब से बजट उपलब्ध होने पर विभाग का कोई दायित्व नहीं होगा.

8. **पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता की वसूली—** निम्न स्थितियों में पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता की राशि वसूली योग्य होगी—

8.1 औद्योगिक इकाई के पक्ष में पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता की स्वीकृति/राशि भुगतान हो जाने के पश्चात् यह पाया जाता है कि औद्योगिक इकाई द्वारा कोई तथ्य छुपाये गए हैं, तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया है या सही जानकारी प्रस्तुत नहीं की गयी है व इस प्रकार गलत तरीके से सहायता प्राप्त की गयी है.

8.2 औद्योगिक इकाई द्वारा राज्य के मूल निवासियों को निर्धारित प्रतिशत में रोजगार उपलब्ध कराने के पश्चात् यदि बाद में पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन की पात्रता अवधि में रोजगार से वंचित किया जाता है व इस कारण अकुशल, कुशल व प्रबंधकीय/प्रशासकीय वर्ग में दिये जाने वाले रोजगार का प्रतिशत उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 4.7 में उल्लेखित न्यूनतम प्रतिशत सीमा से कम हो जाता है.

8.3 उद्योग संचालनालय/जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा कोई जानकारी मांगे जाने पर औद्योगिक इकाई द्वारा न दी जाये.

8.4 प्रति वर्ष उत्पादन व विक्रय संबंधी जानकारी/अंकेक्षित लेखे, लागू होने पर, उद्योग संचालनालय/जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को न दिया जावे.

8.5 यदि औद्योगिक इकाई को पात्रता से अधिक पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता की प्राप्ति हो गयी हो.

8.6 उपर्युक्त बिन्दु 8.1 से 8.5 के अनुसार यथास्थिति निरस्तीकरण/अधिक दिये गये पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता की राशि की वूसली के आदेश, जिला/राज्य स्तरीय समिति की ओर से क्रमशः मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा उद्योग आयुक्त/संचालक उद्योग, उद्योग संचालनालय द्वारा जारी किये जायेंगे. ऐसे आदेश के अनुसार वसूली योग्य राशि पर, वसूली दिनांक तक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तत्समय लागू दर से साधारण ब्याज भी देय होगा तथा इस प्रकार कुल वसूली योग्य राशि की वसूली भू-राजस्व के बकाया की वसूली की भांति की जा सकेगी.

9. **सहायता प्राप्त औद्योगिक इकाई का दायित्व :—**

9.1 जिन औद्योगिक इकाईयों ने रु. 25 लाख से अधिक सहायता प्राप्त की है, उन्हें जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को योजना की पात्रता अवधि तक अंकेक्षित लेखे व उत्पादन/विक्रय विवरण प्रस्तुत करने होंगे. रु. 25 लाख से कम सहायता प्राप्त करने वाली औद्योगिक इकाईयों को उत्पादन व विक्रय की जानकारी योजना की पात्रता अवधि तक देनी होगी. यह जानकारी प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 3 माह के भीतर देनी होगी.

9.2 औद्योगिक इकाई को पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता के अन्तिम वितरण दिनांक के पश्चात् न्यूनतम पांच वर्षों तक उद्योग चालू रखना होगा.

9.3 सहायता की स्वीकृति के पश्चात् पात्रता अवधि के पांच वर्ष तक उद्योग आयुक्त/संचालक उद्योग की लिखित पूर्वानुमति के बिना इकाई के फैक्ट्री स्थल में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा, फैक्ट्री का कोई भाग अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया जा सकेगा तथा ना ही स्वामित्व परिवर्तन किया जा सकेगा तथा फैक्ट्री के स्थायी परिसम्पत्तियों में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा. उल्लंघन करने की दशा में प्रदत्त पूंजीगत सहायता की वसूली उक्त कंडिका-8 के अनुसार की जायेगी.

स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति लेने पर अधिसूचना के अधीन प्राप्त अधिकार व दायित्व नये क्रेता में वेष्ठित हो जायेंगे.

10. **विशेष सेल का गठन—** कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विकास हेतु उद्योग संचालनालय में वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में एक विशेष सेल का गठन किया जायेगा, जिसमें राज्य के "नेशनल मिशन फार फूड प्रोसेसिंग" के नोडल कार्यालय के अधिकारी भी सम्मिलित होंगे. जिसका उद्देश्य राज्य में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देना, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के उद्यमिता विकास कार्यक्रमों का आयोजन करना, आवश्यकतानुसार प्रदेश के बाहर चल रही उत्तम प्रक्रियाओं का अध्ययन कर राज्य में लागू करना, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के अनुदान, छूट एवं रियायतों तथा अन्य प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला एवं राज्य स्तर पर समन्वय करना होगा. इस सेल के विकास संबंधी कार्यों के व्यय का वहन छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि., रायपुर द्वारा किया जायेगा.

11. **अपील/वाद—**

11.1 लघु उद्योगों के प्रकरणों में अपील शुल्क रुपये 1000 एवं लघु उद्योगों से भिन्न प्रकरणों में रुपये 2000 का भुगतान करने पर ही अपील स्वीकार होगी. अपील शुल्क का भुगतान प्रथम अपील करने पर ही करना होगा. द्वितीय अपील पर कोई शुल्क देय नहीं होगा. अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रकरणों में कोई अपील शुल्क देय नहीं होगा.

11.2 अपील शुल्क का भुगतान "निर्धारित शीर्ष" 0852- उद्योग, 08-उपभोक्ता उद्योग, 800-अन्य प्राप्तियां, 0674-अन्य प्राप्तियां के तहत् स्वीकार करते हुए चालान के द्वारा स्वत्व अपील निरस्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा/जमा किया जायेगा.

11.3 कोई भी अपील आदेश जारी होने के 45 दिवसों के भीतर किये जाने पर ही मान्य होगी. विलंब का समुचित कारण न होने पर अपील अमान्य की जायेगी.

11.4 इस अधिसूचना के अंतर्गत कोई वाद राज्य के न्यायालय में ही दायर किया जा सकेगा.

11.5 इस अधिसूचना के अधीन किसी औद्योगिक इकाई द्वारा कर के भुगतान से छूट की सुविधा या पात्रता या उससे संबंधित किसी विषय में, राज्य स्तरीय समिति के विनिश्चय से उद्भूत किसी विषय में कोई विवाद होने की दशा में, राज्य स्तरीय समिति के आदेश के संसूचित किये जाने की तारीख से 120 दिन के भीतर आवेदक औद्योगिक इकाई द्वारा अपील आवेदन राज्य अपीलीय फोरम को किया जा सकेगा.

11.6 राज्य अपीलीय फोरम में निम्नलिखित सदस्य होंगे —

1.	भारसाधक मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग	अध्यक्ष
2.	भारसाधक मंत्री, वाणिज्यिक कर विभाग	सदस्य
3.	प्रमुख सचिव/सचिव, वाणिज्यिक कर विभाग	सदस्य
4.	प्रमुख सचिव/सचिव, विधि और विधायी कार्य विभाग	सदस्य
5.	प्रमुख सचिव/सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग	सदस्य सचिव

11.7 राज्य अपीलीय फोरम की गण पूर्ति तीन से होगी एवं गणपूर्ति राज्य अपीलीय फोरम के अनुक्रमांक 2 या 3 पर उल्लेखित सदस्यों में से किसी एक की अनुपस्थिति में पूर्ण नहीं मानी जायेगी.

11.8 राज्य अपीलीय फोरम, उसे निर्दिष्ट प्रत्येक मामले पर विचार के पश्चात्, इकाई को सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए अधिसूचना के उपबंधों के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए ऐसा आदेश पारित करेगा जैसा कि वह अधिसूचना के प्रावधानों के अनुसार उचित समझें. अपीलीय फोरम को अपील प्रस्तुत करने में हुए विलंब को गुण–दोष के आधार पर विचार करते हुए विलंब को शिथिल करने के अधिकार होंगे.

11.9 राज्य अपीलीय फोरम द्वारा पारित आदेश समस्त पक्षों हेतु अंतिम तथा बंधनकारी होगा.

12. **स्वप्रेरणा से निर्णय :—** भारसाधक सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग/राज्य स्तरीय समिति किसी भी अभिलेख को बुला सकेंगे तथा ऐसे आदेश पारित कर सकेंगे जैसा कि वे नियमानुसार उचित समझें परन्तु सहायता राशि को निरस्त करने, या उसमें परिवर्तन के पूर्व, प्रभावित पक्ष को सुनवाई का एक अवसर अवश्य दिया जायेगा.

13. योजना के अन्तर्गत कार्यकारी निर्देश जारी करने हेतु उद्योग आयुक्त/संचालक उद्योग सक्षम होंगे. पूंजीगत निवेश सहायता से संबंधित किसी मुद्दे पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों द्वारा मार्गदर्शन मांगे जाने पर उद्योग आयुक्त/उद्योग संचालक द्वारा मार्गदर्शन दिया जायेगा.

14. **योजना का क्रियान्वयन—** योजना का क्रियान्वयन उद्योग संचालनालय व उनके अधीनस्थ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों द्वारा किया जायेगा.

इन नियमों को जारी करने के पूर्व वित्त विभाग की स्वीकृति कम्प्यूटर क्रमांक एफ 2015–11–00150 दिनांक 26–10–2015 के तहत प्राप्त की गयी है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. छबलानी, विशेष सचिव.

उपाबंध — एक

(कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012 का परिशिष्ट-एक)

अपात्र उद्योगों की सूची

1. राईस मिल
2. पैडी परबायलिंग एवं क्लीनिंग
3. पोहा एवं मुरमुरा
4. हालर मिल
5. पान मसाला, सुपारी, तंबाकू, गुटखा बनाना
6. मिनरल वाटर
7. सभी प्रकार के साफ्ट ड्रिंक्स
8. एल्कोहल ड्रिंक
9. भारत सरकार अथवा किसी राज्य शासन के सार्वजनिक उपक्रम द्वारा स्थापित इकाई
10. राईस ब्रान आधारित साल्वेंट एक्सट्रेक्शन प्लांट
11. खाद्य तेल रिफाईन करना (स्वतंत्र इकाई) (रिफाईनरी)
12. ऐसे अन्य उद्योग जो राज्य शासन द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए जाएं

टीप :— 1. अपात्र उद्योगों की उक्त सूची के सरल क्र. 1, 2, 3 (केवल मुरमुरा), 4,10 एवं 11 में अंकित उद्योगों को औद्योगिक नीति 2014-19 के प्रभावी होने की तिथि 01-11-2014 से राज्य के औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्रों (औद्योगिक नीति 2014-19 का परिशिष्ट-8) के लिये पात्र उद्योग माना जायेगा.

टीप :— 2. अपात्र उद्योगों की उपरोक्त सूची के सरल क्र. 3 में अंकित पोहा को औद्योगिक नीति 2014-19 के प्रभावी होने की तिथि 01-11-2014 से संपूर्ण राज्य के लिए पात्र उद्योग माना जायेगा.

उपाबंध — दो

परिभाषाएं

(एक) "नवीन औद्योगिक इकाई" से अभिप्रेत ऐसी औद्योगिक इकाई से है, जिसने कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की श्रेणी में दिनांक 01-11-2012 से 31 अक्टूबर 2019 की समयावधि में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ किया हो तथा प्लांट एवं मशीनरी मद में न्यूनतम रु. 100 लाख का निवेश किया गया हो तथा इस आशय का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया ई. एम. पार्ट-2 एवं वाणिज्यिक उत्पादन प्रमाण पत्र धारित करती हो. रु. 100 करोड़ से अधिक का पूंजी निवेश होने पर राज्य शासन के साथ एम.ओ.यू. किया गया हो.

(दो) "विद्यमान औद्योगिक इकाई/विद्यमान उद्योग" से अभिप्रेत ऐसी औद्योगिक इकाई से है, जिसने "कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012" की नियत दिनांक के पूर्व वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ किया हो तथा विस्तार के तहत् प्लांट एवं मशीनरी मद में न्यूनतम रु. 100 लाख का स्थायी पूंजी निवेश किया गया हो व इस आशय का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया यथास्थिति स्थायी लघु उद्योग पंजीयन प्रमाण पत्र/ई.एम. पार्ट-2 एवं वाणिज्यिक उत्पादन प्रमाण पत्र धारित करती हो. रु. 100 करोड़ से अधिक का पूंजी निवेश उद्योग के विस्तार पर करने पर राज्य शासन के साथ एम.ओ.यू. किया हो.

(तीन) "विद्यमान औद्योगिक इकाई के विस्तार" से अभिप्रेत है कि विद्यमान सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, मध्यम उद्योग, वृहद उद्योग एवं मेगा प्रोजेक्ट एवं अति वृहद उद्योग/अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट में "कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012" की कालावधि अर्थात 01 नवम्बर 2012 से 31 अक्टूबर 2019 की अवधि में प्लांट एवं मशीनरी मद में न्यूनतम मान्य रु. 100 लाख का अतिरिक्त पूंजी निवेश करते हुए 31 अक्टूबर 2014 तक वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाले उत्पादनरत विद्यमान उद्योग में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ के दिनांक तक प्लांट एवं मशीनरी में मान्य निवेशित पूंजी के 25 प्रतिशत वार्षिक और अतिरिक्त निवेश करते हुए उद्योग विभाग से पंजीकृत मूल क्षमता या विगत 3 वर्षों के औसत उत्पादन (जो अधिक हो) में न्यूनतम 25 प्रतिशत की वृद्धि होती हो तथा औद्योगिक नीति 2014-19 की कार्यावधि में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाले उद्योगों के प्रकरणों में उपरोक्तानुसार प्लांट एवं मशीनरी में मान्य निवेश के 25 प्रतिशत एवं उपरोक्तानुसार उत्पादन वृद्धि के साथ कुल रोजगार में भी न्यूनतम 10 प्रतिशत की वृद्धि आवश्यक है.

(चार) "लघु उद्योग" से अभिप्रेत ऐसी औद्योगिक इकाई से है, जो भारत सरकार के "सूक्ष्य लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी की गई लघु उद्यम की परिभाषा के अन्तर्गत आती हो तथा संबधित जिले के जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा जारी ई.एम. पार्ट-1/आशय पत्र/औद्योगिक लायसेंस एवं वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ किये जाने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी ईएम. पार्ट-2 एवं वाणिज्यिक उत्पादन प्रमाण पत्र भी धारित करता हो, तथा प्लांट एवं मशीनरी मद में न्यूनतम रु. 100 लाख का पूंजी निवेश किया गया हो व अभिलेख वैध दस्तावेज हो.

(पांच) "मध्यम उद्योग" से अभिप्रेत ऐसे औद्योगिक इकाई से है, जो भारत सरकार के "सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अधिनियम 2006" के अन्तर्गत हो एवं जिसका पूंजी निवेश भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी परिभाषाओं के अनुसार लघु उद्यमों हेतु प्लांट एवं मशीनरी मद में निर्धारित पूंजी निवेश से अधिक किंतु रु. 10 करोड़ तक हो तथा औद्योगिक उपक्रम के पास सक्षम अधिकारी से यथास्थिति ई.एम. पार्ट-1/आई.ई.एम./आशय पत्र/औद्योगिक लायसेंस प्राप्त किया हो तथा उद्योग के वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी ई.एम. पार्ट-2 एवं वाणिज्यिक उत्पादन प्रमाण पत्र भी धारित करती हो व अभिलेख वैध दस्तावेज हो.

(छः) "वृहद उद्योग" से आशय ऐसे औद्योगिक उद्योग से है जिसमें प्लांट एवं मशीनरी में पूंजी निवेश रु. 10 करोड़ से अधिक किंतु रु. 100 करोड़ तक स्थायी पूंजी निवेशित हो एवं इस प्रयोजन हेतु औद्योगिक इकाई सक्षम अधिकारी से यथास्थिति आई.ई.एम./आशय पत्र/ औद्योगिक लाईसेन्स धारित करता हो तथा उद्योग में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वाणिज्यिक उत्पादन प्रमाण-पत्र भी धारित करती हो व अभिलेख वैध दस्तावेज हो.

(सात) "मेगा प्रोजेक्ट" से आशय ऐसे औद्योगिक इकाई से है जिसने रुपये 100 करोड़ से अधिक किन्तु रुपये 1000 करोड़ तक का स्थायी पूंजी निवेश प्रस्तावित करते हुए वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करना प्रस्तावित किया हो तथा भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से यथास्थिति आई.ई.एम./औद्योगिक लायसेंस/आशय पत्र धारित करता हो एवं राज्य शासन के साथ उद्योग की स्थापना हेतु एम.ओ.यू. निष्पादित किया हो एवं वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने पर राज्य उद्योग संचालनालय द्वारा जारी उपरोक्तानुसार उत्पादन प्रमाण पत्र भी धारित करता हो.

(आठ) "अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट" से आशय ऐसे औद्योगिक इकाई से है जिसने रुपये 1000 करोड़ से अधिक का स्थायी पूंजी निवेश प्रस्तावित करते हुए वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करना प्रस्तावित किया हो तथा भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से यथास्थिति आई.ई.एम/ औद्योगिक लायसेंस/आशय पत्र धारित करता हो एवं राज्य शासन के साथ उद्योग की स्थापना हेतु एम.ओ.यू. निष्पादित किया हो एवं वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने पर राज्य उद्योग संचालनालय द्वारा जारी उपरोक्तानुसार उत्पादन प्रमाण पत्र भी धारित करता हो.

(नौ) नियत दिनांक से अभिप्रेत है कि दिनांक 01 नवंबर 2012.

(दस) "स्थायी पूंजी निवेश" से आशय है औद्योगिक नीति 2009-14 की कार्यावधि में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाले उद्योगों के लिए स्थायी पूंजी निवेश की वही परिभाषा होगी जो औद्योगिक नीति 2009-14 के परिशिष्ट-1 के सरल क्रमांक 17 पर अंकित है एवं औद्योगिक नीति 2014-19 की कार्यावधि में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाले उद्योगों के लिए स्थायी पूंजी निवेश की वही परिभाषा होगी जो औद्योगिक नीति 2014-19 के परिशिष्ट-1 के सरल क्रमांक 18 पर अंकित है.

टीप :— स्थायी पूंजी निवेश की गणना भी यथास्थिति जो लागू हो औद्योगिक नीति (2009-14 या 2014-19) के प्रावधानों के अनुसार होगी.

(ग्यारह) "भूमि मूल्य" से आशय है नवीन उद्योग की स्थापना/विद्यमान उद्योग के विस्तारीकरण हेतु क्रय या पट्‌टे पर ली गई भूमि के मूल्य से है तथा "भूमि मूल्य" में सम्मिलित है— भूमि का वास्तविक क्रय मूल्य/सक्षम अधिकारी द्वारा औद्यागिक क्षेत्र अथवा औद्योगिक क्षेत्र के बाहर भू-आवंटन किये जाने पर निर्धारित भू-प्रब्याजि (यथास्थिति जो लागू हो) तथा भुगतान किये गये स्टाम्प शुल्क तथा पंजीकरण शुल्क की राशि.

टीप :— निजी भूमि पट्‌टे पर लिये जाने की स्थिति में पट्‌टे की अवधि न्यूनतम 10 वर्ष की होना आवश्यक है.

(बारह) "शेड-भवन" से आशय है और इसमें सम्मिलित है औद्योगिक उपक्रम के उद्योग परिसर में निर्मित फैक्ट्री भवन, शेड, प्रयोगशाला भवन, अनुसंधान भवन, प्रशासकीय भवन, केन्टीन, श्रमिक विश्राम कक्ष, वाहन स्टैण्ड, सिक्युरिटी पोस्ट एवं माल गोदाम.

(तेरह) "विद्युत आपूर्ति निवेश" से आशय है नवीन उद्योग की स्थापना/विद्यमान उद्योग के विस्तारीकरण हेतु विद्युत प्रदाय की व्यवस्था करने हेतु विद्युत संयोजन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा विद्युत के वितरण हेतु अनुज्ञा प्राप्त छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी को भुगतान की गयी राशि से है.

टीप :— (1) भुगतान की गई राशि में सिक्यूरिटी डिपाजिट एवं औद्योगिक इकाई के पुराने देयकों की राशि सम्मिलित नहीं की जायेगी.

(2) केप्टिव विद्युत संयंत्र को भी विद्युत आपूर्ति निवेश मद में मान्य किया जायेगा.

(3) फैक्ट्री परिसर में किये गये विद्युत स्थापना संबंधी व्ययों को ही मान्य किया जायेगा.

(चौदह) "जल आपूर्ति निवेश" से आशय है नवीन उद्योग की स्थापना/विद्यमान उद्योग के विस्तारीकरण हेतु औद्योगिक उपक्रम के परिसर में जल आपूर्ति पर किया गया निवेश बशर्ते कि शासन के संबंधित प्रशासकीय विभागों से अनुमति प्राप्त कर जल आपूर्ति हेतु व्यवस्था की गयी हो. इस मद में भुगतान की गई राशि में सिक्यूरिटी डिपाजिट एवं औद्योगिक इकाई के पुराने देयकों की राशि सम्मिलित नहीं की जायेगी.

(पन्द्रह) "प्लांट एवं मशीनरी" से आशय है एवं इसमें सम्मिलित है औद्योगिक उपक्रम के उद्योग परिसर में स्थापित मुख्य प्लांट एवं मशीनरी.

टीप :— इस मद में प्रदूषण नियंत्रण प्रयोगशाला, अनुसंधान हेतु संयंत्र एवं उपकरण, परीक्षण उपकरण एवं उनकी स्थापना पर किये गये पूंजी निवेश से संबंधित व्यय सम्मिलित नहीं किये जायेंगे.

(सोलह) "वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक" से आशय है औद्योगिक नीति 2009-14 की कार्यावधि में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाले उद्योगों के लिए वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक की वही परिभाषा होगी जो औद्योगिक नीति 2009-14 के परिशिष्ट-1 के सरल क्रमांक 23 पर अंकित है एवं औद्योगिक नीति 2014-19 की कार्यावधि में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाले उद्योगों के लिए वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक की वही परिभाषा होगी जो औद्योगिक नीति 2014-19 के परिशिष्ट-1 के सरल क्रमांक 24 पर अंकित है.

(सत्रह) कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग—कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से आशय है भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा खाद्य प्रसंस्करण की श्रेणी में आने वाले (उपाबंध-एक में दर्शित उद्योगों को छोड़कर) समस्त उद्योग.

(अट्ठारह) "पंजीकृत व्यवसायी" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धन कर अधिनियम 2005 एवं केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अधीन पंजीकृत व्यवसायी.

(उन्नीस) "वैध दस्तावेज" से आशय है व उसमें सम्मिलित है—लघु उद्योग पंजीयन/ई.एम.पार्ट-1/आई.ई.एम./औद्योगिक लायसेंस/आशय पत्र. इस अधिसूचना के प्रयोजन हेतु दस्तावेज की वैधता हेतु यह आवश्यक है कि दस्तावेज के निर्धारित वैधता अवधि में संबंधित उद्योग के पास भूमि का वैध आधिपत्य हो, या वैधता अवधि में उद्योग स्थापित करने हेतु बैंकों या वित्तीय संस्थाओं से ऋण की स्वीकृति/ऋण की सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त कर ली हो. भले ही लघु उद्योग पंजीयन/ई.एम.पार्ट-1 की वैधता अवधि समाप्त हो गई हो.

(बीस) "मूल्य संवर्धित कर (VAT)" से आशय है छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य कर विभाग में छत्तीसगढ़ में उत्पादित माल के विक्रय उपरांत इनपुट टैक्स के समायोजन पश्चात् मूल्य संवर्धन के रूप में जमा की गयी राशि.

(इक्कीस) "केन्द्रीय विक्रय कर" से तात्पर्य छत्तीसगढ़ में स्थापित इकाई में उत्पादित माल के अन्तर्राज्यीय विक्रय पर वाणिज्यिक कर विभाग को चुकाये गये केन्द्रीय विक्रय कर से है.

(बाईस) "परियोजना/योजना" से आशय है—सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं वृहद उद्योगों के प्रकरणों में सक्षम प्राधिकार में दाखिल ई.एम.पार्ट-1/ आई.ई.एम. में उपक्रम द्वारा दर्शायी गयी उद्योग की परियोजना लागत (कार्यशील पूंजी को छोड़कर).

मेगा प्रोजेक्ट्स एवं अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स के प्रकरणों में राज्य सरकार के साथ निष्पादित एम.ओ.यू. में परियोजना की कुल लागत (कार्यशील पूंजी को छोड़कर).

टीप :— विद्यमान उद्योग के विस्तार के प्रकरणों में पृथक योजना बनाकर सक्षम प्राधिकार को प्रस्तुत कर उसकी अभिस्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होगी.

उपाबंध — तीन
(नियम 6.1)

"छत्तीसगढ़ राज्य कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण पूंजीगत निवेश प्रोत्साहन सहायता नियम 2012" के अन्तर्गत आवेदन का प्रारूप

1. औद्योगिक इकाई का नाम व पता

2. औद्योगिक इकाई का संगठन

3. उद्यमी का वर्गीकरण

4. औद्योगिक इकाई का प्रकार—लघु/मध्यम/वृहद/मेगा प्रोजेक्ट/अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट

5. औद्योगिक इकाई का स्वरूप–नवीन/विस्तार/

6. औद्योगिक इकाई का फैक्ट्री स्थल
   1. स्थान
   2. विकासखण्ड
   3. जिला

7. पंजीयन
   1. ई.एम. पार्ट–1/आई.ई.एम.
   2. ई.एम.पार्ट–2 एवं वाणिज्यिक उत्पादन प्रमाण पत्र व/या राज्य शासन के साथ निष्पादित एम.ओ.यू.
   3. वेट कर अधिनियम एवं केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन
   4. पर्यावरण संरक्षण मंडल से प्राप्त सम्मति
      अ– वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियत्रण) अधिनियम 1981 के अन्तर्गत प्राप्त सम्मति (प्लांट स्थापना बाबत)
      ब– जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 के अन्तर्गत प्राप्त सम्मति (प्लांट स्थापना बाबत)
      स– वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियत्रण) अधिनियम 1981 के अन्तर्गत प्राप्त सम्मति (प्लांट प्रारंभ करने बाबत)
      द– जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 के अन्तर्गत प्राप्त सम्मति (प्लांट प्रारंभ करने बाबत)
      ई– भारत शासन द्वारा जारी पर्यावरण सम्मति (यदि लागू हो)
   5. कारखाना अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन
   6. भूमि व्यपवर्तन/निर्धारण आदेश
   7. स्थानीय निकायों का उद्योग स्थापना के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र/प्रस्ताव
   8. कनेक्टेड विद्युत भार व कनेक्शन प्रदाय दिनांक
   9. वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने का दिनांक
   10. उत्पाद व वार्षिक उत्पादन क्षमता (मात्रा व मूल्य)

11. **सकल पूंजीगत निवेश (राशि लाखों में)**

क्र.		राशि
(1)	भूमि— (भूमि का रकबा ....)	
	अ- वास्तविक क्रय मूल्य/प्रीमियम/	
	ब- मुद्रांक शुल्क	
	स- पंजीयन शुल्क	
	योग	
(2)	शेड भवन—	
	1. फैक्ट्री भवन	
	2. शेड	
	3. प्रयोगशाला भवन	
	4. अनुसंधान भवन	
	5. प्रशासकीय भवन	
